कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ०प्र०
संख्या–01/04/सी–4/6/2023–24
प्रयागराज, दिनांक–02 जून, 2026

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–ए–5/ई–1/2023 के अन्तर्गत विज्ञापित **अपर निजी सचिव परीक्षा–2023** की कुल 331 रिक्तियों के सापेक्ष दिनांक–07.01.2024 को आयोजित प्रथम चरण की परीक्षा का परिणाम दिनांक–04.03.2024 को घोषित किया गया था, जिसमें कुल 5889 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु सफल घोषित किया गया था। प्रश्नगत चयन की द्वितीय चरण की परीक्षा दिनांक–28.06.2024 से 18.07.2024 तक 02 सत्रों में जनपद–लखनऊ में आयोजित की गयी थी, जिसमें कुल 4240 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे।

2. द्वितीय चरण की परीक्षा में दो विषयों–हिन्दी आशुलेखन तथा हिन्दी टंकण की परीक्षा सम्मिलित थी जिनका पूर्णांक क्रमशः 75 अंक एवं 25 अंक था। उ०प्र० सचिवालय वैयक्तिक सहायक सेवा नियमावली–2001, उ०प्र० लोक सेवा आयोग अधीनस्थ सेवा विनियमावली–2006, उ०प्र० राजस्व परिषद् समूह ''ख'' और समूह ''ग'' सेवा नियमावली–2014, संगत शासन के पत्रों, दिनांक–23.02.2021 तथा दिनांक–10.06.2019 के प्राविधानानुसार तथा विज्ञापन के बिन्दु–9 की शर्तानुसार हिन्दी आशुलेखन में त्रुटिरहित न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति धारित करना आवश्यक है। प्रश्नगत द्वितीय चरण की परीक्षा में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा हिन्दी आशुलेखन में उपर्युक्तानुसार त्रुटिरहित न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति धारित नहीं करने के कारण, कोई भी अभ्यर्थी तृतीय चरण की परीक्षा हेतु मा० आयोग द्वारा सफल घोषित नहीं किया गया है। अतः अपर निजी सचिव परीक्षा–2023 की कुल 331 रिक्तियों के सापेक्ष, द्वितीय चरण की परीक्षा के आधार पर तृतीय चरण की परीक्षा हेतु किसी भी अभ्यर्थी के सफल नहीं होने के कारण, उक्त 331 रिक्तियों को मा० आयोग द्वारा अग्रेनीत कर दिया गया है।

3. प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक इत्यादि की सूचना आयोग की वेबसाइट पर यथा शीघ्र अपलोड कर दी जायेगी।

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
सचिव